Regarding rebuilding of dilapidated post office building in Udgir Taluka, Latur district, Maharashtra-laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): मेरे लातूर जिले के उदगीर तालुके की पोस्ट की इमारत बहुत पुरानी है तथा पूरी तरह जर्जर अवस्था में है । समय समय पर इसके हिस्से टूट टूट कर गिरते रहते हैं जिससे किसी भी समय कोई भी अवांछित घटना घट सकती है जिसमें पोस्ट आफिस कर्मचारियों अथवा पोस्ट आफिस आने वाले आम नागरिकों की जान का नुकसान भी हो सकता है । 1976 में बनी इस इमारत को पुनर्निमाण किए जाने हेतु स्थानीय डाकघर के अधिकारी संभाजीनगर क्षेत्रीय पोस्ट आफिस कार्यालय से कई सालों से आवश्यक कदम उठाने के लिए कह रहे हैं परन्तु कोई नतीजा नहीं निकला है । 2016 में मेरे पूर्ववर्ती सांसद ने भी इस विषय में काफी पत्र व्यवहार किया था परन्तु कोई नतीजा नहीं निकला । उदगीर पोस्ट आफिस काम्पलेक्स में 29895 वर्ग फीट जमीन खाली है तथा यहां पोस्ट आफिस की इमारत का निर्माण आराम से किया जा सकता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उदगीर तालुके के पोस्ट आफिस के इमारत के पुनर्निमाण हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं तथा आगामी बजट में इस हेतु आवश्यक बजटीय प्रावधान करके वर्ष 2024 में इस पोस्ट आफिस के नये भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाए । साथ ही यह भी अनुरोध है कि जब तक नये भवन का निर्माण नहीं हो जाता तब तक इस पोस्ट आफिस को किसी अन्य भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए ताकि भविष्य में आम नागरिकों अथवा पोस्ट आफिस के किसी कर्मचारी को किसी तरह की जान-माल की हानि से कोई नुकसान पहुंचने की संभावना को रोका जा सके ।